हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025



## किसान के खेत में फसल, धान बेचने केंद्र पहुंचा कोचिया, हुई कार्रवाई

# 'सतर्क एप' के जरिये पकड़ाया मामला 610 कट्टा के साथ कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में पिछले एक पखवाड़े से जारी धान कोचियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत सोमवार को बड़ा एक्शन लिया गया है। सतर्क एप के सार्थक उपयोग के जरिये डोंगरगढ़ ब्लॉक में एक किसान के खेत में फसल कटे बिना ही उसके खाते में धान बेचने खरीदी केंद्र पहुंचे कोचिये पर कार्रवाई की गई है। कोचिये को जहां गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। वहीं उसके आठ सौ कट्टा धान को भी जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा भी सोमवार को जिलेभर में आठ प्रकरण पर कार्रवाई प्रशासनिक अफसरों द्वारा की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा द्वारा पिपरिया निवासी किसान लिखन कंवर को धोखे में रखकर उनके पंजीयन पर 28 नवंबर को 260 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र मेढ़ा में बेचा था। इसके बाद सोमवार को ही लालजी सिन्हा द्वारा किसान लिखन कंवर के खाते में 244 क्विंटल धान बेचने की कोशिश की जा रही थी, जिस दौरान सत्यापन में किसान के खेत में धान लुवाई नहीं होना पाया गया। ऐसे में कोचिये लालजी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

**खास बातें**

- जिले के तीन बार्डर पर भी टीम तैनात
- मंडी से लेकर गांव तक हो रहा एक्शन
- किसान को धोखे में रखकर धान खपाने वाले कोचिये पर की गई कार्रवाई


आरोपी

### प्रशासन की कार्रवाई से कोचियों में हड़कंप

कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर जिलेभर में की जा रही कोचियों पर कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है, जहां किसान इस कार्रवाई को सही ठहरा रहे हैं। वहीं हर साल लाखों रुपए का धान खपाने वाले कोचिये परेशान हैं। इधर कलेक्टर जितेंद्र यादव ने भी कहा कि किसानों पर दबाव बनाकर एवं प्रलोभन देकर धान खपाने वाले लोगों पर एक्शन जारी रहेगा। ज्ञात हो कि अब तक जिले में 131 से अधिक प्रकरण पर एक्शन लिया गया है।

### 1927 कट्टा धान जब्त

इधर जिलेभर में सोमवार को प्रशासनिक अफसरों द्वारा धान कोचियों के खिलाफ आठ कार्रवाई की गई। इनमें 1927 कट्टा धान यानि कुल 770 क्विंटल धान की जब्ती की गई है, जो प्रशासन के अनुसार 23.89 लाख रुपए का है। इसके साथ ही डोंगरगांव में की गई कार्रवाई के दौरान एक वाहन भी जब्त किया गया है। ज्ञात हो कि जिले में अब तक 131 कार्रवाई कोचियों के खिलाफ की जा चुकी है। जिसमें 5 करोड़ रुपए का साढ़े 16 हजार क्विंटल धान जब्त किया जा चुकां है। वहीं इस दौरान आठ वाहन भी जब्त हुए हैं।

## तीन जिलों में 10% किसानों से ही खरीदी, 111 करोड़ रुपए का कर्ज वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेशभर में जारी सरकारी धान खरीदी के तहत अविभाजित राजनांदगांव जिले में भी पिछले 15 नवंबर से किसानों की उपज खरीदी जा रही है। पिछले एक पखवाड़े के दौरान अविभाजित जिले के महज दस फीसदी किसान ही अपना धान सरकार को बेच पाए हैं।

जबकि अब लगभग दो महीने की खरीदी शेष रह गई है। वहीं धान बेचने पहुंच रहे किसानों से लिंकिंग के जरिये कर्ज वसूली भी की जा रही है। अब तक अविभाजित जिले के किसानों से 111 करोड़ रुपए का ऋण वसूला जा चुका है।

सोमवार तक के आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले में 17675 किसानों से 8.96 लाख क्विंटल धान खरीदा गया है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अब तक 8679 किसानों से 5.26 लाख क्विंटल धान खरीदा गया है। ऐसे ही मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 3950 किसानों से 1.81 लाख क्विंटल ही धान खरीदा जा सका है। ज्ञात हो कि 31 जनवरी तक सरकारी धान की खरीदी जारी रहेगी।


### नांदगांव में वसूला 64 करोड़ का कर्ज

हर सीजन से पहले किसान सहकारी बैंक से खेती के लिए कर्ज लेते हैं। खरीफ सीजन के लिए भी बड़ी संख्या में किसानों ने कर्ज लिया था। जिसकी वसूली धान बेचने पहुंच रहे किसानों से भुगतान के दौरान लिंकिंग के जरिये की जा रही है। राजनांदगांव जिले में अब तक 64.15 करोड़, खैरागढ़ जिले में 36.18 करोड़ एवं मोहला-मानुपर जिले में 11.34 करोड़ वसूला जा चुका है।

## सब्जी मंडी में सीमेंट की सड़क पर डामर की परत, एक्शन की तैयारी

### कलेक्टर ने बनाई जांच टीम, निर्माण की गुणवत्ता जाचेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बसंतपुर स्थित कृषि एवं सब्जी मंडी में लगभग सवा करोड़ की लागत से हो रहे डामरीकरण कार्य पर अब एक्शन की तैयारी हो गई है। लगातार गुणवत्ताहीन काम की शिकायतों के बाद अब जिला प्रशासन ने जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया है। टीम को दिनों के भीतर जांच कर मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर में खराब सड़कों से परेशान लोगों को राहत देने की जगह बसंतपुर स्थित कृषि मंडी में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि जिस स्थान पर यह डामरीकरण हो रहा है, वहां पहले से ही सीमेंटीकरण किया हुआ है। ऐसे में सीमेंटीकरण के ऊपर एक डामर की परत केवल नाम के लिए चढ़ाकर बड़ा खेल किया जा रहा है, जिस पर अब सवाल भी उठने लगे हैं। बरसात से पहले शहर की सड़कों का हाल सुधारने के लिए दस करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। बारिश के पहले बाजार इलाकों में डामरीकरण किया गया था, लेकिन गुणवत्ताहीन डामरीकरण के चलते एक बार फिर शहर में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। शहर के मुख्य वार्ड के अलावा आउटर के वार्डों में भी कई सालों से डामरीकरण कार्य नहीं हुई है। शहर में कई ऐसी सड़कें शेष है, जहां डामरीकरण की आवश्यकता है। इन सड़कों से रोजाना हजारों लोग आवाजाही भी करते हैं, परन्तु शहर में डामरीकरण कराने की जगह शासन ने 1.33 करोड़ रुपए का फंड मंडी के लिए जारी कर दिया है।


सीमेंट की सड़क पर बिछा रहे डामर की परत डेढ़ करोड़ के काम की गुणवत्ता पर भी सवाल

### कमीशनखोरी की शिकायत

मंडी परिसर में होने वाली डामरीकरण के काम को ठेकेदार द्वारा 18 नवंबर से शुरू कर दिया गया है। सूत्रों की माने तो 1.33 करोड़ रुपए खर्च करने की जगह केवल नाम के लिए डामर की परत चढ़ाकर खानापूर्ति की जाएगी। इसमें अफसरों से लेकर सत्ताधारी दल के नेताओं के नाम भी कमीशन को लेकर सामने आ रहे हैं। जबकि दूसरी ओर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गुणवत्तायुक्त काम के निर्देश दिए थे। ऐसे में अब इस मामले में कार्रवाई की तैयारी है।

### बनी जांच के लिए टीम

मिली जानकारी के अनुसार मंडी परिसर में किए जा रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच करने कलेक्टर जितेंद्र यादव द्वारा टीम का गठन कर दिया गया है। इसमें डिप्टी कलेक्टर रैंक के अफसर अभिषेक तिवारी को जिम्मा सौंपा गया है।

### मापदंड का पालन नहीं

किसी भी सरकारी काम के पहले मापदंड तैयार किया जाता है। डामरीकरण के लिए भी मटेरियल के उपयोग को लेकर मापदंड तय है, लेकिन मंडी में किए जा रहे डामरीकरण कार्य में मापदंड को दरकिनार कर मनमर्जी से काम किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सीमेंट की सड़क पर डामर की पतली परत चढ़ाई जा रही है, जो पहले बरसात में ही खराब हो जाएगी।

## तीन मामलों पर कार्रवाई, सट्टा पट्टी के साथ महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बसंतपुर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पुलिस ने आज तीन अलग-अलग मामलों में चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी कड़ी में आज बसंतपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपिया दुर्गा देवांगन पति रूपनारायण देवांगन 48 साल निवासी सागरपारा मजार के पास द्वारा सट्टा-पट्टी लिखा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की और आरोपिया के कब्जे से नगदी रकम 3000 रुपए, दो नग सट्टा-पट्टी, सट्टा लिखने में प्रयुक्त दो नग मोबाइल फोन को जब्त किया। पुलिस ने इस मामले में जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्रवाई कर आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। वहीं एक अन्य मामले में थाना बसंतपुर के अपराध में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी सौरभ मानिकपुरी पिता नवेन्द्र मानिकपुरी 22 साल निवासी चौखड़ियापारा और टेमन साहू पिता मनबोधी साहू 24 साल निवासी कन्हारपुरी को आज गिरफ्तार कर अलग-अलग न्यायालय में पेश किया गया।

**हुड़दंगी पर हुई कार्रवाई :** शहर के गुरूद्वारा चौक के पास एक व्यक्ति द्वारा हुड़दंग करने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने हुडदंग करने वाले संतोष राजपूत पिता स्व. रामसिंह राजपूत 35 साल निवासी बांसपारा दुर्ग जिला दुर्ग निवासी को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

## बाघ ने किया गाय का शिकार वनांचल में वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में वन्य जीवों के चहल-कदमी के बीच इस बार जंगल का राजा शेर की आमद हुई है। डीएफओ दिनेश पटेल ने टाइगर के आमद की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि औंधी क्षेत्र के नवागढ़ के नजदीक कक्ष क्रमांक 1080 में टाइगर की पुष्टि हुई है। शेर ने एक गाय का शिकार किया है। ग्रामीणों की सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने मौका का मुआयना कर खूंखार वन्य जीव तथा आम ग्रामीणों को एक-दूसरे के संघर्ष के लिए सतर्क किया है। घटनास्थल पर शेर के पग मार्क भी वन विभाग के अधिकारियों को मिले हैं।

⏩ शेष पेज 12 पर



### लगाया जा रहा ट्रैप कैमरा

डीएफओ दिनेश पटेल ने हरिभूमि को बताया कि जिस जगह पर बाघ ने गाय पर हमला किया है, उक्त स्थान पर वन विभाग की तरफ से ट्रैप कैमरा लगाया जा रहा है। आशंका है कि टाइगर आधा गाय को निवाला बना लिया है। पुनः फिर उस स्थान पर टाइगर के पहुंचने का अंदेशा है।

### खुंटे में बंधे गाय का शिकार

घटना को लेकर बताया गया कि औंधी क्षेत्र के नवागढ़ गांव में किसान की बाड़ी में बंधे गाय को खुंटा सहित उखाड़कर खूंखार शेर ने निवाला बना लिया है। इसके बाद क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

### कराई जा रही मुनियादी

जिले में जंगली हाथियों के दंगल के साथ-साथ तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर का आबादी में विचरण के साथ-साथ शिकार की खबरें समय-समय पर मिलती रहती है। इस बार औंधी क्षेत्र के नवागढ़ में शेर होने की पुष्टि हुई है। जानमाल की रक्षा के लिए वन विभाग की तरफ से सतर्कता बरतने मुनियादी कराई जा रही है।

### 31 जनवरी 2026 तक के लिए आदेश रहेगा लागू

# बढ़ती ठंड का असर...स्कूलों में टाइमिंग बदली, अब साढ़े 8 के बाद ही संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले सहित प्रदेशभर में बढ़ती ठंड और उसके असर को देखते हुए अब स्कूलों की टाईमिंग में बदलाव कर दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब जिले की सभी स्कूलें सुबह साढ़े आठ बजे के बाद ही संचालित की जा सकेगी। यह आदेश अगले साल 31 जनवरी तक के लिए लागू रहेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से अंचल का तापमान लगातार लुढ़क रहा है। रात के साथ ही दिन में भी ठंड का एहसास होने लगा है। ऐसे में स्कूलों की टाईमिंग में बदलाव को लेकर लगातार मांग आ रही थी। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में पड़ रही ठंड के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शाला व मदरसा में 31 जनवरी 2026 तक संचालन का समय बदल दिया गया है।



### 14 डिग्री पर तापमान

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को राजनांदगांव जिले का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के करीब रहा। हालांकि यह सामान्य है, लेकिन अगले कुछ दिनों में इसमें गिरावट संभव है। वहीं दिन का तापमान 28 डिग्री पर पहुंच गया है। इसमें भी 2 से 3 डिग्री तक गिरावट आने वाले दिनों में देखने को मिल सकती है। तापमान में गिरावट को देखते हुए ही शिक्षा विभाग ने स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव करने का फैसला किया है।

### पहली साढ़े आठ, दूसरी पाली लगेगी 12:15 बजे से

शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जहां एक पाली में स्कूलें संचालित की जाती है। वहां सुबह साढ़े आठ बजे से संचालन शुरू होगा। वहीं दो पाली में लगने वाली स्कूलों के लिए पहली पाली सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 12:15 मिनट से लेकर शाम चार बजे तक लगेगी। वहीं शनिवार के दिन सुबह साढ़े आठ से दोपहर 12 बजे तक स्कूलें लगेंगी।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### चेन्दरीबन नवागांव मंडई 3 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम चेन्दरीबन नवागांव में मंडई मेला का आयोजन 3 दिसंबर को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु महके मोंगरा छत्तीसगढ़ी नाच ग्राम खुंदनी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पुरेन्द्र कुमार सोनबोईर ने दी।

### संकुल स्तरीय खेल आज से

**डोंगरगांव।** ग्राम बीरूटोला में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कल 2 से 3 दिसंबर तक किया गया है। स्पर्धा में साल्हे संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूलों के बच्चे खो खो, कबड्डी, दौड़, रेले रेस, कुर्सी दौड़, आलू दौड़, चमच्च दौड़ आदि खेलों में शामिल होंगे।

### वृद्धाश्रम में गर्म कपड़ों का वितरण



**राजनांदगांव।** विभिन्न मौके पर सेवाभावी कार्य करने वाले हैहैवंशीय कसेर समाज महिला मंडल ने शीत ऋतु में बुजुर्गों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए गत दिनों भगवान महावीर समता वृद्धा आश्रम पहुंचकर गर्म कपड़े, कंबल, शाल, मोजे तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो, उपाध्यक्ष सपना भारद्वाज, सुनंदा खांबले, कोषाध्यक्ष ममता हरिहारनो, सचिव पिंकी हरिहारनो, शशि हरिहारनो, राजकुमारी हरिहारनो, बरखा कसार, अंजू हरिहारनो, विनीता हरिहारनो, संगीता हरिहारनो, अनिता हरिहारनो, पूजा हरिहारनो, आरती हरिहारनो, विजेता हरिहारनो, मुक्ता हरिहारनो, रजनी हरिहारनो, पूजा हरिहारनो, शैल कसार, दीप्तिशिखा देशमुख आदि मौजूद थी। सभी ने वृद्धजनों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

### कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**साल्हेवारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 128 वॉ एपिसोड बूथ क्रमांक 5 में जिला एवं मंडल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने सुना। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष निज़ाम सिंह मंडावी, मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू, महामंत्री महेंद्र यादव, जिला सह कोषाध्यक्ष ललित सोनी, देवसिंग ठाकुर, प्रहलाद मरकाम, युवा मोर्चा अध्यक्ष चमन वर्मा, संतोष नामदेव, सतीश वर्मा अन्य मौजूद थे।

### थैलीटोला की मंडई आज

**बांधाबाजार।** ग्राम थैलीटोला में मंडई- मेला का आयोजन कल 2 दिसम्बर को किया गया है। रात में लोक सांस्कृतिक नाच भकुर्रा का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने आसपास के ग्रामीणों और व्यापारियों से शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी उपसरपंच धरम पटवा ने दी।

### संबलपुर में मितानिनों का सम्मान



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत संबलपुर में मितानिन दिवस के मौके पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मितानिन हारदा चंदेल, सुनीता बाई, टिकेशवर, अमृत कोडारी, गीता निषाद, कुमारी निषाद को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने मितानिन दीदी के महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर तारा पटेल, नेम दीदी, सरपंच लक्ष्मी देवी, पंच नंदिका, हिमांनचल चंदेल, जनपद सदस्य मनोज चतुर्वेदी, महेश जंघेल, सतीश, नंदिता सचिव तुकाराम पटेल एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### ट्राइसाइकिल मिलने आसान हुआ सफर



**मोहला।** जिला कार्यालय में तब एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब मार्री का जीवनलाल परतेती अपनी पीड़ा और संघर्ष को शब्दों में समेटे हुए समाज कल्याण विभाग पहुंचा। वर्षों से चलने-फिरने में गंभीर कठिनाई झेल रहे श्री परतेती लकड़ी के डंडे के सहारे चलने को मजबूर थे। दैनिक कार्य करना उसके लिए चुनौती बन गई थी। थोड़ी दूरी चल पाना कठिन था। अपनी इसी पीड़ा को बंया करते हुए जीवन लाल ने समाज कल्याण विभाग में आवेदन दिया। उसकी पीड़ा को समझते हुए समाज कल्याण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके आवेदन का तत्काल निराकरण किया। तत्पश्चात कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जीवन लाल को ट्राइसाइकिल तथा वॉकर प्रदान किया।

### गीता जयंती पर श्लोकों का पाठ



**गंडई पंडरिया।** समग्र ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ की जिला इकाई ने मोक्षदा एकादशी के अवसर पर पंडरिया स्थित राम मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ गीता जयंती मनाई।संगठन की उमा चौबे ने बताया कि मातृशक्ति की बहनों ने श्री मद भागवत गीता की विधि-विधान से पूजन किया। श्लोकों का सामूहिक पाठ किया गया। समापन मौके पर भगवान श्रीकृष्णऔर भागवत गीता की महाआरती की गई। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शैला त्रिपाठी, अनिता तिवारी, ललिता शर्मा, गोल्डी तिवारी, सुनीता, काजल तिवारी, सीमा तिवारी, वर्षा भट्ट, केमेश्वरी चौबे, विजयलक्ष्मी भट्ट, विद्या भट्ट, सरोज शर्मा, उमा चौबे, करुणा शर्मा सहित अन्य उपस्थित थी।

### 39 लाख का 1260 क्विंटल धान जब्त

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में अवैध धान परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध धान की रोकथाम के लिए जिले में 9 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। खाद्य विभाग की टीम चेक पोस्टों का नियमित दौरा कर निगरानी कर रही है। अब तक प्रशासन द्वारा 17 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें से 4 प्रकरण दूसरे राज्यों से आने वाले धान के हैं।इन मामलों में तीन ट्रक तथा एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। वहीं कोचियों पर 13 प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिनमें तीन पिकअप वाहन जब्त किए गए हैं। अब तक जिले में कुल 1260 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 39 लाख 6 हजार रुपए आंकी गई है।

# सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ता सक्षम

## बिजली बिल और अघोषित कटौती से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर ग्राम पंचायत करमरी के सरपंच दीनुराम साहू अन्य ग्रामीणों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं। सरपंच साहू ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर पैनल घर पर लगाया है जिससे उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि अब वह राज्य शासन को अतिरिक्त बिजली विक्रय कर रहे हैं।

दीनूराम ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने अपने घर पर 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर पैनल लगवाया। रूफटॉप सोलर पैनल की लागत 2 लाख है जिसे 20 हजार जमा कर लगाया है। शेष राशि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने आसान किस्तों में फाइनेंस किया है। केन्द्र शासन से 78 हजार तथा राज्य शासन से 30 हजार की सब्सिडी मिली है। उन्हे कुल 1 लाख 8 हजार की सब्सिडी मिली है। उन्होंने योजना की तारीफ करते हुए कहा कि अब बिजली का बिल शून्य हो गया है और घर पर ही बिजली का उत्पादन भी हो रहा है।

### प्रतिमाह 1500 रुपए का लाभ

इसी प्रकार प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ग्राम के सरपंच अजय पंसारी का घर जगमगा रहा है। योजना से प्रभावित होकर श्री पंसारी ने 3 किलोवॉट का रूफटॉप सोलर पेनल लगवाया है जिससे उनका बिजली का बिल शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले प्रतिमाह 1200 से 1500 रुपए का बिल आता था जो अब शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि इस महती योजना से बार-बार बिजली बंद होने की समस्या से निजात मिली है।



### उर्जा का संरक्षण

दीनूराम ने घर का बिजली का बिल शून्य होने पर खुशी जाहिर करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में लाभदायक साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा। जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

## युवा उत्सव में संगीत विवि ने हासिल किया थर्ड पोजिशन

# युवा उत्सव में संगीत विवि के छात्र प्रस्तुति से छाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारतीय विवि संघ द्वारा 39 वें सेंट्रल जोन यूनिफेस्ट अंतर्गत महाराष्ट्र के संभाजी नगर स्थित एमजीएम विवि में आयोजित युवा उत्सव में इन्दिरा कला संगीत विवि के विद्यार्थियों ने ओवरऑल तृतीय स्थान हासिल किया है। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने निर्देशन में विवि के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियो ने अलग अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्लासिकल वोकल में प्रथम, कोलाज में प्रथम, लाइट वोकल में प्रथम, ग्रुप सांग में प्रथम, क्लासिकल डांस में द्वितीय, पेंटिंग में द्वितीय, वायलिन में तृतीय, लोक नृत्य में चतुर्थ, वन एक्ट में चतुर्थ, माइम चतुर्थ, स्कल्पचर में चतुर्थ, फोक ऑर्केस्ट्रा में चतुर्थ, हिंदी वाघमिता में पंचम, मिमिक्री में पंचम, प्रोसेशन में द्वितीय, गायन में ओवरऑल प्रथम और फाइन आर्ट्स में ओवरऑल द्वितीय स्थान हासिल कर युवा उत्सव में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त कर विवि का नाम रोशन किया है। टीम मैनेजर सहायक प्राध्यापक कपिल सिंह वर्मा व डॉ गुंजन तिवारी थे। इनके साथ विद्यार्थी संगतकार के रूप में रामकृष्ण पटेल, फिजम महेंद्र सिंह, आदित्य जैन, अनुराग प्रकाश पंडा व आलोक कुमार मिश्रा और पेशेवर संगतकार के रूप में रामचंद्र सरपे, परमानंद पांडेय, मौलश्री सिंह, दीपक दास महंत, रोशन कुमार, राम जोंधले व सफीक हुसैन मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियों को कुलपति सहित शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों सहित विवि परिवार ने बधाई दी है।



### यह रहे शामिल

युवा उत्सव में दात्री संत, मोनिका निराला, शगुन पाठक, प्रियांशु पांडे, अजय कुमार कुशवाहा, आर्यन मल्होत्रा, प्रथा रामटेके, निखिल आनंद, प्रिया कुमारी, सराक्षी सक्सेना, गुलशन साहू, गिरीश दास, यामीर भोई, आदित्य टांडी, खुशी वर्मा, झरना देवहारी, डिम्पल पुलस्त्य, नम्रता गांवर, सिद्धार्थ दिवाकर, सूरज कुमार, डेरहू, प्रहलाद ध्रुव, वंदना, हर्ष चंद्राकर, करण कुमार, सुखराम साहू, खिलेश, दिशा चतुर्वेदी, हर्ष गिरी भट्ट, अंकित सिंह, अभिनव पाटले, भैरवी साहू, रोशन, अंशु बंगारी, किशन साहू, कानन खंडेलवाल, समीर सोनी, ध्रुव सिंह बघेल, डॉली अहिरवार, धीरेन्द्र, खुशी श्रीवास्तव, वेद प्रकाश रावटे, प्रियांशु, अमित कुमार पटेल ने अलग अलग विधाओ मे शानदार प्रस्तुति दी।

# सड़क मरम्मत में अनियमितता



- बिना देखरेख के हो रहा मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सड़क डामरीकरण और मरम्मत कार्य में अनियमितता बरतते हुए बिना इंजीनियर के कार्य कराया जा रहा है। इससे पहले 2023-24 के दौरान सडक मरम्मत कार्य में बड़ी गड़बड़ी सामने आई थी। अधिकारी के स्थनांतरण के बाद मामला दब गया। वर्तमान में हरनसिंघी नागतराई एवं डोंगरगढ़ खैरागढ मार्ग, नाकापारा अछोली मार्ग की मरम्मत शुरू की गई हैश। हरनसिंघी नागतराई तक नई सडक बनाने की आवश्कतशहै जिसकी मात्र मरम्मत कराया जा रहा है। कुछ जगह में डामरी करण करने के अलावा गढढे को भरा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रात का बिना अधिकारी कर्मचारी की देखरेख में पानी और कीचड को साफ कराए बिना ही मरम्मत कराया जा रहा है। डामर एवं मटेरियल की क्वालिटी को लेकर भी शिकायत मिल रही है। डामर की पतली परत बिछाकर ठेकेदार केवल खानापूर्ति कर रहे है।

### एक दिन में उखड़ी सड़क

जानकारी के अनुसार रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर से इंडियन गैस एजेंसी के बीच के मार्ग की मरम्मत कराया गया। सोमवार को भरे गए गढढे की डामर उखड कर रोड में फैल गया। सड़क के उखड़ने के बाद पारदर्शिता और गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। गुणवताहीन कार्य को लेकर एसडीओ एचके सोनकाले से चर्चा करने पर उन्होने लेबर कोर्ट में होने का हवाला देते हुए मुख्यालय पहुंच कर मामले की जांच करने की बात कही है।

### डेमो डायमंड जुबली महोत्सव का आयोजन



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ अपने गठन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर डायमंड जुबली वर्ष मना रहा है। इसी क्रम में डेमो डायमंड जुबली कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष अमित वैष्णव, कृष्ण यादव के नेतृत्व में किया गया। इंजीनियर दिनेश बडोनिया को प्रथम बैच लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संगठन की परंपरा के अनुसार प्रथम बैच सम्मान प्रदेश महामंत्री योगेश चौरें को लगाया गया। कार्यक्रम में सैकडों कर्मचारी शामिल हुए। साथ उभर रहा है। संघ के ब्लाक अध्यक्ष अमित वैष्णव और ब्लॉक सचिव कृष्ण यादव ने बताया है कि इसी के साथ राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

### जमीन दरों में भारी वृद्धि का विरोध

**डोंगरगढ़।** भूमि दरों में 10 से 100 प्रतिशत तक की गई बढोत्तरी पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कडी नाराजगी व्यक्त किया है। उन्होंने सरकार के निर्णय को किसानों, गरीबों, भूमिहीनों, को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद से ही ग्रामीण क्षेत्रों के रकबा, पंजीयन दर और गाइडलाइन लगातार बढ़ाई जा रही है, जिससे भूमि खरीदना तो दूर, छोटे किसान अपनी पैतृक जमीन तक बचाने में असमर्थ होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई जिलों में गाइडलाइन दर 40 से 500 प्रतिशत तक बढा दी गई, जो ग्रामीण आर्थिक तंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि दरें बढाने से पंजीयन महंगा होगा, खेती-किसानी महंगी होगी, और ग्रामीण युवाओं के रोजगार के अवसर घटेंगे। सरकार के इस निर्णय से छोटे किसान अपनी जमीन बेचने-खरीदने में अक्षम हो जाएंगे।

# कोमल साहू बने जिला कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- कार्यकर्ताओं ने किया जोशीला स्वागत



जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष कोमल साहू के छुईखदान आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, मिहिर झा, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, आलोक यादव, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, संदीप सिरमौर सहित अन्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री साहू का स्वागत किया। उससे पहले जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में खैरागढ़ पहुंचकर संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देना उनका कर्तव्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठित रहकर आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया।

## विश्व एड्स दिवस पर हुए ज्ञानवर्धक आयोजन

# एड्स पर छात्रों को किया जागरुक







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा रासेयो इकाई के तत्वावधान में एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में जानकारी दी। इसी कड़ी में कार्यक्रम अधिकारी प्रियांकी गजभिए ने एड्स के लक्षण एवं बचाव पर चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशाराम साहू ने एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने एवं जागरूकता के प्रसार का संदेश दिया। अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को एड्स की जन जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई। इस दौरान नागेश्वर ठाकुर, सरस कुमार, प्रशांत कुमार, नीरज यादव, आकाश, चंद्रशेखर, भूपेश जांगड़े, लुमेश्वर, डोमेश्वरी साहू, पुष्पांजलि, टेमिका साहू, रेशमी साहू आदि मौजूद थे।

### छात्रों ने जाना एड्स के कारण

**गंडई पंडरिया।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. प्रशांत सोनी मुख्य वक्ता थे। डॉ. सोनी ने सरल एवं सहज भाषा में विद्यार्थियों को एड्स से जुड़ी ण जानकारी दी। उन्होंने इसके कारण, बचाव के तरीके और उपचार के बारे में बताया। सत्र के दौरान उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों और शंकाओं का समाधान भी किया। अगले चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने एचआईवी जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी समझ का प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य टीम ने हैंड-वॉश डेमो भी दिया जिसमें सही तरीके से हाथ धोने की प्रक्रिया को समझाया गया। अध्यक्षता कर रहे डॉ डीपी कुर्रे ने युवाओं में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सही जानकारी ही एड्स के प्रसार को रोकने की कुंजी है। अंत में महाविद्यालय परिवार ने मुख्य वक्ता डॉ. सोनी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम का आभार व्यक्त किया।

# समग्र ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष बने मिहिर झा

**खैरागढ़।** राजनांदगॉव के बर्फानी धाम में आयोजित राष्ट्रीय समग्र ब्राम्हण समाज की बैठक में विस्तृत चर्चा बाद सामाजिक संगठन का विस्तार करते हुए अधिवक्ता पंडित मिहिर झा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की मौजूदगी और सांसद संतोष पांडेय के मुख्य आतिथ्य, पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष नीलू शर्म की अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय ने मिहिर झा को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि सामाजिक एका के अलावा समाज सेवा और धार्मिक क्रिया कलापों में उनका विशेष सहयोग रहता है। पांडादाह, जालबांधा के अलावा पूरे इलाके मे प. मिहिर झा रामकथा आयोजन को लेकर सतत तैयार रहते है।

सांसद ने मिहिर झा की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति सराहनीय कदम है। जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मिहिर झा को चैतेंद्र तिवारी बंटी, ओम झा, डॉ प्रशांत झा, सुबोधकांत पांडेय, शिरिष मिश्रा, किशोर शर्मा, घनश्याम तिवारी, जगदीश दुबे, शिरिष मिश्रा मोनू, प्रेम तिवारी, बंटी शर्मा, अभिषेक झा, अभिजीत झा, सुनील शर्मा, बलदाऊ तिवारी सहित अन्य ने बधाई दी है।



### सौगात: मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना से ग्रामीण अधोसंरचना हो रही सुदृढ़: उपमुख्यमंत्री

# सीसी रोड, नाली व सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का डिप्टी सीएम ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सशक्त नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्यो से गांवों की कनेक्टिविटी और अधोसंरचना मजबूत हो रही है, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिल रही है।

इसी कड़ी में सोमवार को उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम कोठार पहुंचे, जहां उन्होंने 82.95 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड सह नाली निर्माण और 13 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। ग्राम कोठार में 41.65 लाख एवं 41.30 लाख रुपये की लागत से दो महत्वपूर्ण सड़कों का कुल 1 किलोमीटर लंबाई में निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में वर्षों पुरानी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही 13 लाख रुपए की लागत से 2 सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ग्रामों में बेहतर सड़क, स्वच्छ नाली व्यवस्था, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्राम कोठार सहित पूरे कवर्धा विधानसभा क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। सड़कें मजबूत होंगी तो कृषि, व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की पहली जरूरत होती है। सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों, किसानों एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ग्राम कोठार के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने ग्राम कोठार की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पहल को याद करते हुए कहा कि पहले आवास योजना के लिए ग्राम कोठार से ही आंदोलन शुरू किया गया था। हमारी सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट मीटिंग में इस मांग को स्वीकृति प्रदान की गई। यह कवर्धा के लोगों के संघर्ष और विश्वास की बड़ी जीत है। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों का नाम आवास में नहीं आया है, उनके लिए नया सर्वे कार्य कराया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पात्र सभी लोगों को आवास दिया जाएगा। ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर अंतिम सूची तैयार की जाएगी, किसी भी योग्य परिवार को वंचित नहीं किया जाएगा।

### कवर्धा विधानसभा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है: श्री शर्मा



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। समयबद्ध, टिकाऊ और मजबूत सड़क निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आने वाले लंबे समय तक ग्रामीणों को इसका लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि सरकार के मार्गदर्शन और सभी के सक्रिय प्रयासों से कवर्धा विधानसभा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि सड़क बनने के बाद ग्रामीणों विशेषकर बच्चों, महिलाओं और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क सुविधा से कृषि कार्यों में तेजी आएगी, विद्यार्थियों के लिए स्कूल, कॉलेज तक पहुंचना आसान होगा और आपात स्थितियों में भी आवागमन सुगम बनेगा।

# प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए नंदकुमार शर्मा को प्रभारी प्राचार्य सतीश बंजारे ने श्रीफल भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय पिपरिया में प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए नंदकुमार शर्मा को प्रभारी प्राचार्य सतीश बंजारे ने श्रीफल भेंटकर एवं मुंह मीठा कराकर पदभार ग्रहण कराया। श्री शर्मा 7 अप्रैल 1986 में मिनी पीएससी से सहायक शिक्षक के रूप में चयनित हुए थे, 2008 में उच्च वर्ग शिक्षक पर पदोन्नत हुए तथा वर्ष 2011 में पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत होकर 14 वर्ष लगातार पूर्व माध्यमिक विद्यालय भानपुर संकुल केन्द्र कोयलारी में अपनी शिक्षकीय सेवाएं दिए। वहीं 28 नवंबर को पुनः पदोन्नत होकर प्राचार्य का कार्यभार संभालेंगे, उनका शिक्षकीय सेवा का 40वां वर्ष है, उनके दीर्घकालिक शिक्षकीय कार्य कर के अनुभवों का लाभ विद्यालय की शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मिलेंगे। इस पदग्रहण के अवसर पर व्याख्याता अर्जुन चंद्रवंशी, दशरथ सोनी, सतीश बंजारे साथ-साथ शिक्षक शिक्षिकाएं व सदस्य गण उपस्थित थे।

## उल्लास राष्ट्रव्यापी परीक्षा महाअभियान 7 दिसंबर को



**हरिभूमि कोलेगांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम योजना का शुभारंभ भारत सरकार द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य ऐसे असाक्षर व्यक्ति को शिक्षा में शामिल किया जाना है, जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक हो वह कुछ कारणवश शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह गए थे, ऐसे लोगों को ग्राम पंचायत व वार्ड के स्थाई स्वयंसेविय शिक्षकों के माध्यम से प्रत्येक दिवस 20 घंटे की कक्षा संचालित कर 200 घंटे तक संख्यात्मक तथा अंक ज्ञान दिया गया। अब इन असाक्षरों की परीक्षा आगामी 7 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी परीक्षा महा अभियान के रूप में पूरे राज्य में किया जाना है। इसी संबंध में भारत सरकार के इस योजना का सफल संचालन हेतु विकासखंड पंडरिया के निर्धारित लक्ष्य 11302 प्राप्त है, इस प्राप्त लक्ष्य हेतु ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला में नियुक्त प्रधान पाठक-ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्रकार, पंचायत में नियुक्त स्वयंसेवी शिक्षक राजेंद्र पटेल, दीपक कश्यप, ओमप्रकाश निर्मलकर, सुदर्शन चंद्राकर, होरीलाल चंद्राकर, श्रीमती शीतलेश्वरी चंद्राकर, श्रीमती चन्द्रा यादव, श्रीमती संतोषी टंडन, श्रीमती प्रीति पटेल, पूजा चंद्रवंशी, संध्या यादव, रामवती पटेल, दामेश्वरी पटेल एवं श्रीमती बिन्दा, श्रीमती तिलोचनी चौहान, श्रीमती संतोषी चंद्राकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा पंच श्रीमती मालती गोस्वामी द्वारा अपने पंचायत पेंड्रीकला को पूर्ण साक्षर बनाने एवं विकास खंड को प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति हेतु पूर्ण निष्ठा से पूरे पंचायत में स्थानीय निवासियों से जो 15 वर्ष से अधिक उम्र के है, जिन्हे अभी तक शिक्षा से वंचित रहना पड़ा है। ऐसे असाक्षरों को आगामी 7 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होने वाले राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता महा परीक्षा अभियान में शामिल होकर अपने आप को एवं अपने पंचायत को पूर्ण साक्षर बनाने के लिए घर-घर जाकर परीक्षा में शामिल होने के लिए अपील किया गया।

# जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों का पदभार व शपथ ग्रहण

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा/कोलेगांव

जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज कबीरधाम द्वारा भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियो का पदभार एवं शपथ ग्रहण तथा वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह का आयोजन कुण्डा में गत दिनों रविवार को आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियो, सदस्यों, जिला पदाधिकारीगण (महिला) उप खंड पदाधिकारीगण एवं युवा जिलाध्यक्ष सभी को शपथ ग्रहण कराया गया। वहीं आसपास क्षेत्र से आए हुए वरिष्ठ जनो को शाल भेंटकर सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बैजनाथ चंद्राकर, अध्यक्षता मनहरण चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती ममता चंद्राकर, नंदलाल चंद्राकर, महादेव चंद्राकर, फागूराम चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, मनोहर चंद्राकर, सुकुत राम चंद्राकर, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, श्रीमती ज्योति चंद्राकर, श्रीमती अंजनी चंद्राकर, श्रीमती सुमति चंद्राकर, श्रीमती लक्ष्मी चंद्राकर, डॉ श्रीमती सरोज चंद्राकर, रमाकांत कश्यप, विद्यानंद चंद्राकर, विदेश चंद्राकर, संतराम चंद्राकर, लक्ष्मण चंद्राकर सहित समाज के गणमान्य नागरिक व वरिष्ट जन के गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्णा चंद्राकर व भुनेश्वर चंद्राकर द्वारा किया गया, वहीं आभार हरेंद्र चंद्राकर द्वारा किया गया।

### चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला जिलाध्यक्ष अन्नपूर्णा चंद्राकर को पद की जिम्मेदारी मिली



श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर समाज व जनसेवा के क्षेत्र में लंबे समय से लगातार सक्रिय हैं। समाज के प्रति उनकी मेहनत, लगन, निष्ठा और लोगों के बीच में निरंतर उपस्थिति को देखते हुए उन्हें चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला जिला अध्यक्ष के पद की महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। वे अपने सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम करती रही हैं। समाज के कार्यक्रमों, बैठकों और संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलती रही है। महिलाओं को आगे लाने और समाज को एकजुट रखने में उनका योगदान हमेशा सराहनीय माना गया है, समाज के वरिष्ठ सदस्यों का कहना है कि श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर का अब तक का सामाजिक कार्य, समाज के लिए किए गए प्रयास उन्हें एक मजबूत और विश्वसनीय महिला नेतृत्वकर्ता बनाते हैं। इन्हीं गुणों को देखते हुए समाज ने उन्हें (महिला) जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जिस पर समाज के सभी वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## आरपीएस स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन




**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। आयोजन में कक्षा 1 लीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी त्वरित सोच और तात्कालिक बुद्धिमता क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 10 राऊंड में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन, सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। सभी प्रतिभागियों ने बेहद आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए, तेज रफ्तार राऊंड के दौरान विद्यार्थियों की बुद्धिमता और त्वरित प्रतिक्रिया दिखाया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने पूरे वातावरण को रोमांच से भर दिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं वर्ग में परंपरा सदन एवं 6वीं से 8वीं वर्ग में संस्कार सदन विजयी रहे। वहीं कक्षा 3रीं से 5वीं वर्ग में संस्कार सदन व 1लीं से 2रीं वर्ग में परंपरा सदन विजयी रहे। अंत में विजेता टीमों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं में बढ़ती जिज्ञासा और सीखने ललक की सराहना कर प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की प्राचार्या एम शारदा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और विषयगत दक्षता विकसित करती है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

# आधुनिक युग में ग्रामीण क्षेत्र के किसान कर रहे बैलगाड़ी का उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता हैं, छत्तीसगढ़ में आज भी सदियो सपुरानी परंपरा रीति-रिवाज को आज भी जिंदा और जीवित विज्ञान युग में कायम जिले के ग्रामीण किसान बनाए रखे है और संजोएं रखे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार धान फसल की कटाई पारंपरिक रीति-रिवाज हाथों से कर धान फसल को खेतों से घर तक ले जाने के लिए बैलगाड़ी का इस्तेमाल किया जाता है और पारंपरिक रीति-रिवाज से कोठार में बेलन के माध्यम से लिपाई-पोताई कर धान फसल की मिसाई भी की जाती है जो कि जिले के ग्राम बरबसपुर व आसपास क्षेत्र में आज भी जीवित परंपरा कायम बनी हुई है। इसी कारण से छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा भी कहा हैं। वहीं बरबसपुर निवासी ग्रामीण किसान माखन कोसरिया, विसमत नारंग, कुंवर सिंह नारंग और ग्राम दौजरी के ग्रामीण किसान मोहित साहू, भरत चंद्रवंशी, जीवन राम ने बैलगाड़ी के माध्यम से खेतों से घर तक धान फसल को बैलगाड़ी में भरकर कोठार तक ले जाया जा रहा है।

# उपमुख्यमंत्री नवधा रामायण कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने सोमवार को ग्राम मोटियारी में आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नवधा रामायण पाठ में श्रोताओं के बीच बैठ कर रामायण मंडली द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीराम की जीवन-गाथा स्तुति का श्रद्धाभाव से श्रवण किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में नवधा रामायण आयोजन की परंपरा बहुत प्राचीन है। रामायण मंडली के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन-मूल्यों को गीतों के रूप में सुनाना हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज भी पूरे समर्पण के साथ निभाई जा रही है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव, नैतिकता और संस्कारों का विकास होता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

# गांगचुवा के बैगा आदिवासी वन अधिकार पट्टा लाभ से वंचित



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम गांगचुवा के बैगा तथा अन्य वन आश्रित वन अधिकार कानून में दिए गए अधिकारों से आज भी वंचित गांगचुवा के बैगा गत दिनों 29 नवम्बर को वन अधिकार कानून 2006 को लागू हुई लगभग 17 वर्ष हो गए हैं पर आज भी बहुत बड़ी संख्या में पीवीटीजी बैगा समुदाय अन्य आदिवासी तथा अन्य वन आश्रित के लोगों को उन्हें वन अधिकार कानून में दिए गए अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में पात्र व्यक्तियों को बोड़ला क्षेत्र में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र तथा लगभग 95 प्रतिशत ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र प्रशासनिक पहल और इच्छा शक्ति के अभाव के कारण प्राप्त नहीं हो सका है। उक्त बातें बोड़ला अंतर्गत ग्राम गांगचुवा में सामाजिक संस्था आदिवासी समता मंच द्वारा आयोजित वन अधिकार सम्मेलन में बोड़ला विकासखंड के 48 गांव से आए कुल 121 प्रतिभागियों ने व्यक्त किया। ग्राम सुखझर से आए धनीराम बैगा, सोना लाल देवरिया ने बताया कि उनके गांव से 12 बैगाओ तथा ग्राम खूरी पानी से आए प्रतिनिधि ने बताया कि उनके गांव से 25 बैगा परिवारों अब तक व्यक्तिगत वन अधिकार से वंचित हैं। लगभग यही स्थिति ग्राम हड़ही, दरई, रबदा, केशमरदा, मुंडादादर, कुकरापानी, बाटीपथरा, लालमिट्टी, झोलाबहरा, गभोड़ा, बिगहरा, मुंडादादर ग्रामों जैसे कई गांव की है चर्चा के दौरान यह भी निकलकर आया कि जिन्हें वन अधिकार व्यक्तिगत पट्टा मिला है, उनमें से लगभग 80 प्रतिशत लोगों को उनके काबिज जमीन के एक छोटे से टुकड़े का ही पट्टा मिला है। जिस पर पंच धूरसिंह ने बताया कि उनके 10 एकड़ काबिज जमीन में से मात्र एक एकड़ भूमि का ही पट्टा बना है वहीं रबदा निवासी रतन सिंह मेरावी ने बताया कि उन्हें दो एकड़ जमीन जिस पर कि वे 13 दिसंबर 2005 की कई वर्ष पूर्व से काबिज थे, उसका दावा किए जाने के बावजूद पट्टा नहीं बना है। काबिज जमीन से कम का पट्टा मिलने की बात ग्राम झोलाबहरा बनगौरा मुकाम आमाकोना के प्रतिनिधियों ने भी बताई। इस सम्मेलन में आदिवासी समता मंच की अध्यक्ष इंदु नेताम ने बताया कि बोड़ला क्षेत्र में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र कुछ गांव को अपवाद स्वरूप छोड़कर लगभग 95 प्रतिशत गांव को नहीं प्राप्त हो सका है, उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, रायगढ़, कांकेर, जगदलपुर, धमतरी जिलों में बड़ी संख्या में ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र मिला है और उनमें से कई गांव में ग्राम सभाओं के लोग वन प्रबंधन का कार्य कर रहे हैं। जबकि पूरे कवर्धा जिले में गिनती के 12 गांव को ही वन संसाधन पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने जिला स्तरीय वन अधिकार समिति तथा दवा प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी अधिकारीगण से अपील किया कि जिले में महिम चलाकर नियम अनुसार सभी वंचित पात्र व्यक्तियों को व्यक्तिगत अधिकार दावा प्रक्रिया तथा ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन दावा प्रक्रिया में सहयोग करें और जल्द से जल्द उनको जांच करने के उपरांत मान्य करें। इस कार्यक्रम में आदिवासी समता मंच के कार्यकर्ता अयोध्या जायसवाल, डॉ राजेश रंजन, इतवारी राम पंद्राम तथा अशोक में रवि ने भी भाग लिया।

## धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**हरिभूमि कवर्धा।** दुर्ग संभागायुक्त एसएन राठौर ने सोमवार को कबीरधाम जिले में चल रही धान खरीदी के औचक निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने दशरंगपुर और बिरकोना खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों से धान बिक्री के संबंध में चर्चा कर उनका फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में धान बेचने आए किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। खरीदी केंद्रों में शासन के निर्देश अनुसार सारे इंतजाम सुनिश्चित किए जाए। धान बेचने आए वाहन की गेट पास ऐप में एंट्री तत्काल करने के लिए कहा। धान लेकर पहुंचे किसानों को तौलाई के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने धान की स्टेकिंग किस्मवार करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री राठौर ने केंद्रों में बफर लिमिट के करीब खरीदी पहुंचने पर तत्काल उठाव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध धान के परिवहन रोकथाम के लिए जिले में बनाए गए चेकपोस्ट और अब तक हुई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अवैध धान का परिवहन रोकने सभी संबंधित विभाग पूरी सक्रियता से कार्य करें। कहीं भी अवैध परिवहन का मामला सामने आए तो सख्ती से कार्रवाई करें। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता की भी जानकारी ली।

### दूसरा क्वालीफायर आरपीएस विरूद्ध अशोका पब्लिक स्कूल के बीच 7 दिसंबर को खेला जाएगा

# शिक्षक टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में एलिमिनेटर राउंड व क्वालीफायर मैच संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नगर में प्रथम वर्ष कवर्धा प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 बजे तक छीरपानी कॉलोनी मैदान में खेला जा रहा है, जिसका तृतीय दिवस दिन रविवार 30 नवंबर को एलिमिनेटर राउंड अशोका पब्लिक स्कूल विरुद्ध गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे गुरुकुल की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन से 8 ओवर के मैच में 78 रन बनाए, जिसमे गुरुकुल के कप्तान ऋषभ ने शानदार बैटिंग किया और टीम का स्कोर बढ़ाने में अपना अहम योगदान दिए। वही अशोका पब्लिक के टीम ने 78 रन का स्कोर का पीछा करते हुए मनीष वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, मनीष निषाद एवं योगेश ने शानदार बैटिंग करते हुए इस लक्ष्य को पूरा किया और मैच को जीत कर क्वालीफायर द्वितीय में प्रवेश किया। वही बॉलिंग में ज्योतिष साहू, गोपाल वर्मा, मयंक जोशी, योगेश वर्मा ने अच्छी प्रदर्शन किया। वही पहला क्वालीफायर मैच अभ्युदय स्कूल विरुद्ध श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे टॉस जीतकर आरपीएस टीम ने बॉलिंग करने का निर्णय लिया वही अभ्युदय टीम ने पहले बैटिंग किया जिसमें अभ्युदय स्कूल के धाकड़ बेस्टमैन विपिन वैध ने अपने धाकड़ बैटिंग के प्रदर्शन से 8 ओवर के मैच में 10 छक्के एवं दो चौके के मदद से अकेले 70 रन का नाबाद पारी खेले और उनकी टीम ने टोटल 105 रन का एक बढ़ा लक्ष्य आरपीएस की टीम को दिया जिसका पीछा करते हुए आरपीएस की टीम ने 8 ओवर के मैच में मात्र 95 रन ही बना पाए और 10 रन से इस मैच को हार गए। वही अभ्युदय की टीम से दिलीप, अमित, प्रतीक ने शानदार बॉलिंग किया इसी के साथ अभ्युदय की टीम ने सीधा ग्रैंड फाइनल में प्रवेश किए। वही दूसरा क्वालीफायर श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल विरूद्ध अशोका पब्लिक स्कूल के बीच 7 दिसंबर को खेला जाएगा, जिसमें से जितने वाली टीम ग्रैंड फाइनल में 14 दिसंबर को अभ्युदय स्कूल के साथ खेलेगा। वही एकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि अभी तक हुए मैच में सभी टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है, एलिमिनेटर और क्वालीफायर मैच बहुत ही टक्कर का चला, जिसमें सभी टीम ने मैच के आखिरी बॉल तक संघर्ष किए यह टूर्नामेंट प्राइवेंट स्कूलों के शिक्षकों के लिए बहुत अच्छा प्लेटफार्म बन कर सामने आ रहा है। जिससे सभी शिक्षकों ने अपने स्किल का प्रदर्शन किया है जो काम एवं बढ़ती जिम्मेदारियो के नाम से कही न कही दब गया था इस आयोजन से सभी शिक्षक बहुत उत्साहित है।

## सार समाचार

### कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत



**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन यादव को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट कर बधाई दी। इस दौरान जितेन्द्र सिंह बब्बू, अमीन उईके, शिशुपाल भारती, रामजी तराने सहित अन्य उपस्थित थे।

### सलोनी में नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन

**राजनांदगांव।** मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ग्राम सलोनी में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी तथा नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में भू-जल स्तर में निरंतर आ रही कमी, ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या के पूर्वानुमान एवं जिले के सेमी क्रीटिकल जोन में पानी की गंभीरता स्तर के संबंध में चर्चा की गई। फसल चक्र परिर्वतन कर जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण, भू-जल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव, नोडल अधिकारी अनिल सोनवानी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच, रोजगार सहायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, किसान, महिला स्वसहायता समूह की सदस्य शामिल हुए।

### विखं स्तरीय क्विज का आयोजन



**राजनांदगांव।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जोन स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन माध्यमिक शाला सुरगी में संपन्न हुआ। जोन स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भरेगांव, सुरगी, धामनसरा, हरदी, सिंघोला व कन्हारपुरी से चयनित विद्यार्थी शामिल हुए। तत्पश्चात जोन स्तरीय में प्रथम, द्वित्तीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थी विकासखंड स्तरीय क्विज हेतु बीआरसी भवन राजनांदगांव में शामिल हुए। विखं स्तरीय विवज प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी भवन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। जिसमें प्रथम कोमल बंजारे (मा.शा.सुरगी), द्वितीय राम्या निषाद (मा.शा.भर्रेगांव) एवं तृतीय संजना साहू (मा.शा.ब. नवागांव) ने प्राप्त किए। पुरस्कार वित्तरण समारोह में विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजूराम साहू द्वारा मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। संचालन बीआरसी भगतसिंह ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीएसी राहुल देव, शिक्षक योगेन्द्र हठीले, सीएसी दीपक कुमार साहू, प्रभारी शिक्षन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### गौ सुरक्षा पर हस्ताक्षर अभियान



**खैरागढ़।** शिव सेना द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे महाहस्ताक्षर अभियान को जनसमर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में शहर के इतवारी बाजार पर शिव सेना हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। दुर्ग संभाग प्रभारी राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्ग संभाग में एक लाख से अधिक लोगों के हस्ताक्षर कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन को संकलित कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जाएगा ताकि गौ-सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। शिव सेना के महाहस्ताक्षर अभियान की प्रमुख मांग प्रदेश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ तस्करी में प्रयुक्त गाड़ियों को राजसात करने और गौ हत्या करने वालों पर हत्या का मामला दर्ज करने के अलावा गौ माता को राजकीय पशु घोषित कर राजमाता का दर्जा देना प्रमुख रूप से शामिल है। वही गांव-गांव में निर्मित गौठानों में गौ सेवकों की नियुक्ति कलेक्टर दर पर करने की मांग भी सीएम से की जाएगी। शिव सेना ने आम नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में जुडक़र गौ-सुरक्षा के लिए आवाज बुलंद करें। इस दौरान राम ठाकुर, पंकज साहू, गोविंद साहू, भानुप्रताप वर्मा, बीरेंद्र लोधी, मुकेश श्रीवास सहित अन्य उपस्थित थे।

# नेशनल हेराल्ड में मामला दर्ज, कांग्रेस ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हेराल्ड मामले में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नए एफआईआर होने से नाराजगी जाहिर करते आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं शहर के जयस्तंभ चौक में प्रधानमंत्री का पुतला जलाया और केन्द्र सरकार पर ईडी का दुरूपयोग करने आरोप लगाया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी पर ईडी द्वारा कार्रवाई के मामले में पुतला दहन का आयोजन किया गया। इस पुतला दहन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते केंद्र सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय के दुरूपयोग का आरोप लगाया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन करते इस कार्रवाई का विरोध किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और ईडी कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की। पुतला दहन के बाद कांग्रेसजनों ने मार्च भी निकाला। कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईडी के खिलाफ कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी

### उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी का दुरूपयोग कर रही है। कांग्रेस नेताओं को गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड में



### केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

कांग्रेस द्वारा आयोजित इस पुतला दहन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर भागवत साहू, हेमा देशमुख, संतोष पिल्ले, मेहुल मारू, डॉ. आफताब आलम, पदम कोठारी, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, अमित चंद्रवंशी,

## सरपंच के तुगलकी फरमान से ग्राम में आक्रोश

# अतिक्रमण के खिलाफ पंचायत की कार्रवाई से व्यापारियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़ / मुसराकला

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुसराकला में व्यापारियों की दुकान तोड़ने पंचायत द्वारा की जा रही पक्षपाती कार्रवाई के खिलाफ व्यापार संघ मुसराकला ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने पहुंचे 50 से अधिक लोगों ने पंचायत की कार्रवाई को पक्षपात पूर्ण बताते हुए कहा कि सन 1990 से पंचायत द्वारा दी गई अनुमति के पश्चात व्यापारियों ने दुकानें बनाई। जिसका भू-भाटक तथा टैक्स के रूप में पंचायत को व्यापारी सालाना शुल्क भी देते हैं।



मुसराकला के तालाब पार में लगभग 50 लोग कब्जाधारी हैं, किंतु चार-पांच लोगों के खिलाफ पंचायत द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्रवाई का नोटिस जारी किया गया है, जिसे लेकर ग्रामीणों में पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर खासा आक्रोश है। व्यापार संघ के अध्यक्ष बजरंग साहू, उपाध्यक्ष ओमकार लिल्हारे, सचिव राजेश कोचे सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने बताया कि मुसरा में 90 प्रतिशत दुकान व मकान अतिक्रमण की चपेट में है। गांव में पूर्व की व्यवस्था के अनुरूप ही लोग व्यापार कर रहे हैं तथा इसका लाभ ग्राम पंचायत को भी मिल रहा है। कुछ अवैध व्यवसाय करने वालों के बोलने पर पंचायत द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कर मात्र चार-पांच लोगों खिलाफ अतिक्रमण हटाने नोटिस जारी किया गया है तथा तहसीलदार के आदेश पर विद्युत विभाग द्वारा इन दुकानों की बिजली भी काट दी गई है। कार्रवाई अचानक उस समय की गई, जब पांच में से दो दुकानदार बीमार हैं तथा एक की मृत्यु कुछ समय पूर्व कैंसर से हुई है। इस तरह की कार्रवाई की शिकायत ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी से भी की है। वहीं सरपंच की मनमानी सामने आ रही है, जिसे लेकर नागरिकों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

### होगी जांच

मुझे फोन पर सूचना मिली है। जांच के लिए निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- एम. भार्गव,** अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़

### सूचना मिली

पंचायत द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्रवाई की सूचना मिली है। मैं जांच के लिए जा रहा हूं, कार्रवाई होगी तो सब पर होगी।

**- सतपाल यादव,** तहसीलदार, डोंगरगढ़

### आवेदन के तहत कार्रवाई

सुशासन के तहत तहसील कार्यलय से प्राप्त आवेदन पर पटवारी रिपोर्ट व ग्रामसभा के निर्णय के पश्चात ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पंचायत द्वारा की जा रही है। बाहर से आकर लोग कब्जा कर आने-जाने वाले आम रास्ते को रोके हैं। ग्रामीणों के आवेदन पर शासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। तहसीलदार जांच हेतु आ रहे हैं, जो भी निर्णय होगा सामने आ जाएगा।

**- गायत्री टेंबुलकर,** सरपंच, मुसराकला

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग बालिका का अपहरण और उससे दुष्कर्म के मामले को लेकर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बीते 29 नवंबर को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर अपहरण करके ले गया है। मामले की रिपोर्ट के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए चिखली चौकी पुलिस ने नाबालिग और आरोपी की तलाश शुरू की।

चिखली पुलिस द्वारा टीम बनाकर अपहृता की पतासाजी हेतु रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, यात्री प्रतिक्षालयों में दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने नाबालिग अपहृता को कबीरधाम जिले के पंडरिया बस स्टैंड में आरोपी धरमू बंजारे के कब्जे से बरामद किया। वहीं पीड़िता के कथन पर आरोपी के विरूद्ध धारा 87, 64(2)(ड) बीएनएस 4,6 पाक्सो एक्ट शामिल कर आरोपी धरमू बंजारे पिता देवप्रसाद बंजारे 20 साल साकिन बाघमुड़ा थाना पंडरिया को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# 5 किलो झिल्ली पन्नी जब्त, 5 हजार जुर्माना

**राजनांदगांव।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को झिल्ली पन्नी का विक्रय व उपयोग करते पाए जाने पर बजाज प्लास्टिक गंज चौक तथा नंदई व तुलसीपुर के किराना दुकान के 10 व्यवसायियों पर कार्रवाई करते 5 हजार रुपए जुर्माना वसूल कर लगभग 5 किलो पालीथिन जब्त करने की कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ-



साथ मानव जीवन सहित जीव-जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है। नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने प्रतिदिन समझाईस दे रहे हैं, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई की कड़ी में सोमवार को गंज चौक स्थित बजाज प्लांटिक से 5 सौ ग्राम प्लास्टिक जब्त कर 5 सौ रुपए जुर्माना लगाए। इसी प्रकार नंदई चौक के 4 किराना दुकान एवं तुलसीपुर के 5 किराना दुकान से 4 किलो 5 सौ ग्राम पालिथीन जब्त कर 4 हजार 4 सौ रुपए अर्थदंड वसूला गया। उन्होंने कहा कि निगम की टीम प्रतिदिन शहर में घूम-घूमकर व्यवसायियों एवं नागरिकों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे हैं। अपालन पर कार्रवाई कर रहे हैं। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें

आयुक्त विश्वकर्मा ने व्यापारियों से अपील करते कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखें एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करें तथा सड़े-गले फल व खाद्य पदार्थों का विक्रय न करें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुए जब भी घर से निकले कपड़े का थैला लेकर निकले तथा अपने लोगों को भी इसके लिए समझाईस दें, ताकि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

# कबड्डी स्पर्धा का विक्रांत सिंह ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्रापं मंडला में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। बैच लगाकर सम्मान बाद उन्होने फीता काटकर किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और अपने संबोधन मे कहा कि हार जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए हारकर निराश होने के बजाय बेहतर प्रदर्शन की आस लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

उन्होंने खेल भावना के साथ खेलेन की अपील करते हुए युवाओं को खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदेश सरकार द्वारा जनहित को लेकर जारी जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी साझा करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे यके नेतृत्व में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराया जा रहा हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय सुविधा में सुधार आया है। महिलाओं को सशक्त बनाने संचालित महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के उत्थान और आर्थिक मजबूती के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहने का भरोसा देते हुए कहा कि क्षेत्र में सडक़, शिक्षा, खेल सहित अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर काम करेंगे। इस दौरान पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष व पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, चंदू वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, आयश सिंह बोनी, ऋषि सिंह, सरपंच गोपी वर्मा, रसीदलाल साहू, रुकुम वर्मा, रूपचंद वर्मा, किसन वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, गंगासागर वर्मा, गिरधारी यादव, नंदेलाल पाल, सुरेंद्र पाल बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# किसानों से अवैध वसूली, फटा बारदाना लेकर पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी में अव्यवस्था के मामले को लेकर आज जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता किसानों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सोसायटी में किसानों से



रुपयों की अवैध वसूली, किसानों को फटा बारदाना देने सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराने ज्ञापन सौंपा।

धान खरीदी में अव्यवस्था और किसानों को हो रही समस्या के मामले को लेकर आज किसानों के साथ फटा हुआ बारदाना और धान लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी में अव्यवस्था के मामले को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री को फटे हुए बारदाने का कुर्ता भेंट करने पहुंचे।

**किसानों को नया बारदाना देने की मांग :**

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि सोसाइटी में किसानों से अवैध वसूली हो रही है। लगभग 1 किलो अधिक वजन तौला जा रहा है। ऑफलाइन टोकन के लिए भी किसानों को काफी समस्या हो रही है। पोर्टल में धान का रकबा कम दिखाया जा रहा है। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते कहा है कि धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाए। किसानों से अवैध उगाही बंद हो और किसानों को धान लाने नया बारदाना दिया जाए।

### धान बेचने किसानों को परेशानी

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराते कहा कि किसानों को अपने धान की उपज बेचने में काफी परेशानी हो रही है। किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिल रहा है। सोसाइटी से किसानों को फटा हुआ बोरा दिया जा रहा है। वहीं सोसाइटी में किसान से अवैध रुपए भी मांगे जा रहे हैं।

# जिले के 27 केंद्रों में धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में धान खरीदी उत्सव को लेकर किसानों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा इस वर्ष समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी का प्रावधान किया गया है। जिससे किसानों में खुशी का वातावरण है।

कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में सभी धान खरीदी केंद्रों पर सुचारू संचालन हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाइस, श्रमिकों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। धान



की गुणवत्ता जांचने के लिए आद्रता मापक यंत्र का उपयोग किया जा रहा है। जिले के कुल 27 धान खरीदी केंद्रों पर खरीदी दर, नियमों एवं केंद्रवार जानकारी के फ्लेक्स लगाए गए हैं। कलेक्टर ने सभी केंद्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान खरीदी पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। किसानों को सुविधा देने धान बिक्री हेतु टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से ही टोकन जारी किए जा रहे हैं। इस व्यवस्था से किसानों का समय बच रहा है और उन्हें खरीदी केंद्रों में अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले के 43,520 पंजीकृत किसानों से कुल 1,55,275 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

# 21 गांवों में पहली बार पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वनांचल के 21 गांवों में आजादी के बाद लंबे इंतजार के बाद पहली बार बिजली पहुंची। बिजली की जगमगाहट देखकर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

शाम होते-होते कातूल झोरा, बोडरा, बड़े कट्टापार से लेकर केकड़े हुड़ और कुंज कन्हार तक, हर घर के सामने लोगों की भीड़ जमा थी। बच्चों की आंखों में चमक थी, महिलाएं दरवाज़े पर खड़े होकर उस पल का इंतज़ार कर रही थीं और बुज़ुर्ग शायद विश्वास करने की कोशिश कि दशकों बाद उनका गांव भी आखिर रोशनी से भरने वाला है। पहली रोशनी देखते ही बच्चों ने तालियाँ बजानी शुरू कर दीं। कई महिलाएं खुशी से खिल उठीं— "अब हमारे बच्चे रात में पढ़ पाएंगे," वे बोलीं। कुछ बुज़ुर्गों की आंखें नम हो गईं जैसे किसी पुराने सपने ने अचानक ज़िंदगी पा ली हो।



### इन गांव में पहुंची बिजली

कातूल झोरा, बोडरा, बड़े कट्टापार, पुगदा, संबलपुर, गट्टेगहन, बुकमरका, जालवाहि, आमाकोड़ो, पिटेमेटा, टाटेकसा, कुंडकाल, आमपायली, घोटिया, कन्हार राय, मनहोरा, मुंदेली, अरस मेटा, नैन गुड़ा, कोहका टोला, केकड़े हुड़, कुंज कन्हार।

### पहाड़ों-पगडंडियों को चीरकर पहुंची उम्मीद

यह सफर आसान नहीं था। कहीं घने जंगल, कहीं पत्थरीले पहाड़, तो कहीं ऐसे रास्ते जिन पर केवल पैदल ही चला जा सकता था। लेकिन बिजली विभाग की टीम रोज़ सुबह निकलती और देर रात लौटती केवल एक लक्ष्य के साथ कि इन गांवों की किस्मत बदलनी है। उनकी मेहनत का फल अब इन गांवों के घर-आँगन में जगमगा रहा है।

### नई राहें, नए सपने

बिजली के साथ गांवों की जिंदगी में नई शुरुआत जुड़ गई है बच्चे पढ़ाई के नए सपने देख रहे हैं महिलाएँ कामकाज में राहत महसूस कर रही हैं छोटे दुकानदार और कारीगर अब रात तक काम बढ़ा पा सकेंगे। ग्रामीण कहते हैं अब सड़क, इंटरनेट और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएँ भी जल्दी आएंगी। रोशनी तो बस पहला कदम है।

## पृष्ठ 09 का शेष

### बाघ ने किया...

डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में टाइगर द्वारा शिकार किए गाय का मुआवजा के लिए पंचनामा तैयार कर प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। इसके साथ ही वन विभाग ने ग्रामीणों को टाइगर से किसी प्रकार से छेड़छाड़ ना करने और अकेले जंगल नहीं जाने की हिदायत दी गई है।



कार्यक्रमः सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाते हुए मूलभूत सुविधाओं से समृद्ध करना: विजय शर्मा

# डिप्टी सीएम ने चरडोंगरी व बांझी के ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों मे नागरिकों से जनसंपर्क किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम चरडोंगरी और बांझी पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर आमजन की समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने गांव से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं, सड़क, पानी, बिजली, आवास, नाली, शौचालय, सामाजिक भवन, पुलिया एवं अन्य विकास कार्यों से संबंधित मांगें रखीं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अनेक मांगों को तत्काल पूरा करते हुए घोषणाएं की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान ग्राम चरडोंगरी और बांझी के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने चरडोंगरी से सारंपुर, दूदुल्लापुर तक सड़क निर्माण, चेक डैम के लिए 10 लाख रुपए, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए, नाली निर्माण हेतु 3 लाख रुपए, मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, ग्राम झिराना में सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख रुपए, मेला परिसर में दो शौचालय निर्माण, बोर खनन, मेला स्थल में मंच निर्माण हेतु 5 लाख रुपए तथा सोलर लाइट लगाने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम बांझी में 12 लाख रुपए का सामुदायिक भवन, जागेश्वर के घर से महामाया मंदिर सड़क निर्माण के लिए 3 लाख, महामाया मंदिर के समीप और गौरा चौक में बोर खनन, स्कूल में शौचालय निर्माण और मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी कार्यों की शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति एवं तकनीकी प्रक्रिया पूरी कराते हुए कार्य प्रारंभ कराए जाएं तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। बांझी में जनसंपर्क कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम जेवडन, सोनबरसा, सिंघनपूरी और मानपुर के दौरे पर रहेंगे। इन गांवों में भी वे जनसंपर्क कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा स्थानीय विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।



### अंचल का निरंतर हो रहा विकास

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाते हुए मूलभूत सुविधाओं से समृद्ध करना है, जिससे हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि कवर्धा जिला चिकित्सा सेवाओं में लगातार सुधार कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जिला अस्पताल में 4.5 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है, जहां अब नागरिक आसानी से उन्नत जांच सुविधा का लाभ ले सकते हैं। साथ ही, उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 220 बेड कर दी गई है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल रही हैं। पिपरिया में 27 लाख रुपए की लागत वाले एम्बुलेंस का शुभारंभ भी किया गया है।

### जल्द शुरू होगा मेडिकल कॉलेज का निर्माण

डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर भी पूर्ण हो चुका है। बहुत जल्द इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। 50 सीटों की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी अंतिम चरण में है। हमारा लक्ष्य है कि इस वर्ष ही शिक्षण कार्य शुरू कर दिया जाए। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि घोठिया रोड का निर्माण बस स्टैंड और मेडिकल कॉलेज के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में आवास प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। यह एक ऐतिहासिक निर्णय था। उन्होंने आगे बताया कि जिन पात्र परिवारों के नाम आवास सूची में नहीं आए हैं, उनके लिए नया सर्वे कार्य कराया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर हर पात्र व्यक्ति को आवास दिया जाएगा और कोई भी योग्य परिवार वंचित नहीं रहेगा।

## आवारा कुत्तों का टीकाकरण, आश्रय स्थल किया गया निर्धारित





- आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों को राहत देने प्रशासन ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक से आमजन परेशान थे। हरिभूमि द्वारा इस गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया है और समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, समाचार प्रकाशित होने के तुरंत बाद नगर पंचायत पाण्डातराई के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पशु चिकित्सा विभाग के वेटनरी डॉक्टर तथा नगर पंचायत की टीम ने संयुक्त रूप से 30 नवम्बर को अभियान चलाकर आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया।

जिला पशु चिकित्सालय कबीरधाम से मिले आंकड़ों के मुताबिक, नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 99 आवारा कुत्ते चिन्हांकित किए गए हैं। इस अभियान के प्रथम चरण में 10 कुत्तों को टीका लगाकर उन्हें रोग प्रतिरोधी सुरक्षा प्रदान की गई। इसके साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र के 15 वार्डों में कुत्तों के भोजन और देखभाल के लिए अलग-अलग आश्रय स्थलों का चिन्हांकन भी किया गया है, जिससे ये कुत्ते बाजार, वार्डों और मुख्य सड़कों पर घूमकर लोगों को परेशान न करें। प्रशासन का मानना है कि यदि उन्हें नियमित भोजन और सुरक्षित स्थान मिलेगा, तो आक्रामक व्यवहार और आवागमन में कमी आएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत तो किया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि यह कार्यवाही केवल प्रारंभिक कदम है।

यदि यह अभियान नियमित रूप से नहीं चला और टीकाकरण तथा आवारा कुत्तों की मॉनिटरिंग लगातार नहीं की गई, तो समस्या ज्यों की त्यों बनी रह सकती है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत को इस दिशा में दीर्घकालिक योजना बनाकर पूरी तत्परता से अमल करना होगा, तभी आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके आतंक पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

जानकारों का भी मत है कि केवल टीकाकरण या आश्रय स्थल चिन्हांकन से काम नहीं चलेगा, बल्कि नसबंदी अभियान, नियमित भोजन व्यवस्था, कुत्तों की स्वास्थ्य जांच तथा वार्ड-स्तरीय निगरानी को भी प्रक्रिया का हिस्सा बनाना चाहिए। इससे न केवल कुत्तों की अनियंत्रित संख्या पर रोक लगेगी, बल्कि मानव और पशु, दोनों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार होगा।

फिलहाल प्रशासन द्वारा की गई यह शुरुआती पहल सराहनीय है, लेकिन नागरिकों की अपेक्षा है कि यह कार्रवाई महज खानापूर्ति साबित न हो। यदि यह अभियान लगातार जारी रहा और सभी 99 कुत्तों का टीकाकरण तथा देखभाल व्यवस्थित रूप से की गई, तो पाण्डातराई को आवारा कुत्तों के आतंक से काफी हद तक मुक्ति मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### सांसद संतोष पाण्डेय दिल्ली रवाना



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय लोकसभा के शीतकालीन सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। यह सत्र दिनांक 1 से 19 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगा। इस दौरान सांसद पांडेय लोकसभा सत्र में उपस्थित रहकर क्षेत्र के जनहित के मुद्दे उठायेंगे। इस बीच अवकाश के दिन सांसद पांडेय लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। सांसद पांडेय इससे पहले भी क्षेत्र के कई बड़े व महत्वपूर्ण मुद्दों को लोकसभा में प्रमुखता व मुखरता के साथ उठा चुके हैं।

### प्राचार्य रामकिशोर ने किया पदभार ग्रहण



**पाण्डातराई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई के प्राचार्य पद पर पदोन्नति उपरांत वर्तमान प्रभारी प्राचार्य रामकिशोर साहू को प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिका और स्टाफ ने तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर प्राचार्य को उनके नई दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। शिक्षक एनके चंद्रवंशी, देवराज जांगड़े, एसके शर्मा, एमपी पटेल, जेपी साहू, सोनिका तिवारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## भाजपा सरकार अपने आर्थिक कुप्रबंधन का पूरा भार जनता पर डाल रही: चोवाराम साहू

सरकार का फैसला गरीब, किसान और आदिवासी समाज पर हमला

- भूमि संबंधी नई गाइडलाइन रजिस्ट्री और टैक्स बढ़ोतरी से जनता होगी बुरी तरह प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



राज्य सरकार द्वारा भूमि संबंधी गाइडलाइन दरों में कई गुना तक वृद्धि, 5 डिसमिल से कम भूमि की रजिस्ट्री पर रोक, रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी और टैक्स वृद्धि के निर्णयों ने प्रदेश सहित जिले के किसानों, गरीबों, मजदूरों, युवाओं और रियल स्टेट सेक्टर पर बड़ा आर्थिक बोझ डाल दिया है। यह प्रदेश की भाजपा सरकार का एक जनविरोधी निर्णय है। उक्त बातें कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने आर्थिक कुप्रबंधन का पूरा भार जनता पर डाल दिया है। भाजपा की सरकार ने जमीन संबंधी गाइडलाईन में संशोधन कर उसे इस कदर बढ़ा दिया है कि अब लोगों के लिए जमीन, मकान और दुकान खरीदना असंभव हो गया है। छोटे प्लॉट की रजिस्ट्री रोककर गरीबों का घर छीनने का काम हो रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह जनविरोधी नीतियों पर चल रही है। इससे पूर्व सरकार ने मुफ्त बिजली योजना बंद की थी और जब इसका उपभोक्ताओं सहित कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया तो सरकार ने 200 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल किए जाने का निर्णय लिया। लेकिन इसकी भरभाई करने के लिए तत्काल नई भूमि संबंधी गाइड लाईन जारी कर दी। श्री साहू ने कहा कि सरकार का यह फैसला सीधे–सीधे किसान और आदिवासी समाज पर हमला है। ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन की गाइडलाइन अनाप–शनाप बढ़ाकर किसान को उसकी अपनी जमीन से दूर किया जा रहा है। कृषि भूमि की बढ़ी हुई सरकारी दर किसानों के लिए भारी संकट बन जाएगी। वहीं रजिस्ट्री शुल्क बढ़ने से निर्माण कार्य रुकेंगे और बेरोजगारी तेजी से बढ़ेगी। लाखों मजदूर और युवा प्रभावित होंगे। सरकार रोजगार देने की बजाय रोजगार छीनने का काम कर रही है। यह निर्णय युवाओं के भविष्य के खिलाफ है। उन्होने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद एक साल में जमीनों की सरकारी दरें 40 प्रतिशत से 500 प्रतिशत तक बढ़ा दी गईं। यह निर्णय प्रदेश को आर्थिक मंदी की ओर धकेल देगा। आम जनता के लिए घर–दुकान बनाना मुश्किल हो जाएगा और छोटे व्यवसाय पूरी तरह ठप हो जाएंगे। श्री साहू ने जनहित में सरकार से भूमि संबंधी गलत, अव्यवहारिक और आम नागरिक पर सीधा बोझ डालने वाली नई गाइड लाईन को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की है।

## सेजेस कवर्धा में युवा संसद प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनो दुर्ग संभाग में आयोजित की गई। जिसमें राजनांदगांव, दुर्ग, कबीरधाम, बालोद, मानपुर मोहला चौकी एवं खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कवर्धा के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश कांवडिया अध्यक्ष दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीत पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केन्द्र बिंदु होता है माता विद्यार्थियों को सदैव सीखने के लिए जागरूक रहना चाहिए। विकास प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजा पियूष टाटिया ने विद्यार्थियों को अच्छे नंबर से उत्तीर्ण होकर उत्कृष्ट नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्रीमती सतविंदर पाहुजा अध्यक्ष भाजपा एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य लक्ष्मण श्रीवास भूपेंद्र ठाकुर हर्ष खुराना संतोषी जायसवाल संजय मिश्रा संतोष सिन्हा लक्ष्मण यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**स लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस एवं महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम/जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. केएस परिहार की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में रंगोली, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रुद्रा नारायण गजेंद्र मेडिकल ऑफिसर, एसी मानिकपुरी, आरिफ मोहम्मद नर्सिंग ऑफिसर, सुरेश राजपूत, नरेश कुमार साहू, महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन, प्रिंसी गुप्ता आउटरीच वर्कर मिशन वात्सल्य, भारतीय धुर्वे केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन, मंदाकिनी वर्मा केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं की यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा लैंगिक संवेदनशीलता के लिए समस्त छात्र एवं छात्राओं को प्रतिज्ञा दिलाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं की यौन उत्पीडन रोकथाम निषेध और निवारण एवं जागरूकता संबंधी लघु फिल्म के माध्यम से समस्त छात्र एवं छात्राओं के समक्ष प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से संदीप कुमार सोनकर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, सुश्री काजल साहू, सुश्री अंजू महोबिया, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, श्रीमती आभा जोशी, डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी, विवेक चौहान, गौरव जायसवाल, गिरधारी वर्मा, आशीष वर्मा, डॉ रूपेश कुमार वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बेघरबारों पर भारी पड़ रही कड़ाके की ठंड

**कवर्धा।** इन दिनो पड़ रही हड्डी कंपकपा देने वाली कड़ाके की ठंड ने सभी को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। फिर भी साधन संपन्न लोग इस गुलाबी ठंड का अपने-अपने ढंग से भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। लेकिन ऐसे लोग जो बेघरबार और साधनविहीन हैं उनके लिए तो मानो सर्दी की ये रातें बरस भर की लग रही है। इन दिनों पड़ रही ठंड का आलम ये है कि रात चढ़ने के साथ ही नगर की गलियां सूनी हो जाती है। साधन सम्पन्न लोग अपने-अपने घरों की गर्म रजाई, कंबल में दुबक जाते है और जो साधन सम्पन्न बाहर रहते है वे भी पैर से लेकर सिर तक लबादा ओढे रहते है। पर इस सब के बीच कुछ ऐसे नंगे बदन लोग भी है जो इस कड़कड़ाती ठंड में नगर की गलियों म घूमते हुए किसी ओट की तलाश करते नजर आते है। बावजूद इसके ये गरीब गुरबा असहाय लोग अपने पेट की भूख मिटाने दिन भर किसी दानदाता की राह तकते-तकते रात में खुले आसमान के नीचे कड़कड़ाती ठंड में ठिठुरते रहने मजबूर है। ऐसे असहाय और बेघरबार लोगों के लिए अब तक दान पुण्य का ढिंढोरा पीटने वाली नगर की स्वयं सेवी संस्थाओं, समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए है। उल्लेखनीय है कि नगर में ऐसे कई मानसिक रोगी, भिखारी, असहाय गरीब-गुरूवा है जो स्थानीय बस स्टैण्ड तथा नगर की गलियों में लोगों का मुंह ताकते मदद की बाट जो रहे है। लेकिन कवर्धा शहर में ऐसी कोई संस्था या ठिकाना नजर नहीं आ रहा है जो ऐसे लोगों की मदद कर सके।

## कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर फूंका ईडी का पुतला



- भाजपा सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा ने सोमवार को केन्द्र की मोदी सरकार पर राजनीतिक द्वेषवश सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि केन्द्र सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई, आयकर विभाग तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को झुकाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई एफआईआर पूरी तरह राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है, जिसके माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है। इसी के विरोध में कवर्धा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन परिसर में सोमवार को एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए देश के प्रधानमंत्री एवं ईडी का पुतला दहन किया। कांग्रेसजनों ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के दमन के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा और भाजपा सरकार की जनविरोधी एवं विपक्ष दमनकारी नीतियों को जनता के सामने लाया जाएगा।

कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अशोक सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत, संगठन महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू, किसान कांग्रेस अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी, एनएसयूआई जिला शितेश चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव वीरेंद्र जांगड़े, पूर्व नगर पंचयत अध्यक्ष महेंद्र, पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष यादव, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम ने बच्चों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

## तरेगांव जंगल विद्यालय में विश्व एड्स दिवस जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगांव जंगल में एक महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 163 छात्रों एवं 7 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और एड्स से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरुआत में एसबीआई संजीवनी टीम ने विश्व एड्स दिवस के महत्व एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस लोगों में जागरूकता फैलाने, सामाजिक मिथकों को दूर करने और एचआईवी संक्रमण की रोकथाम के लिए जागरूक व्यवहार अपनाने की प्रेरणा देता है। उसके बाद टीम द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूकता वीडियो प्रस्तुत किया गया, जिसमें एचआईवी वायरस के संक्रमण के रास्ते, इसके लक्षण, उपचार, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच कराना क्यों आवश्यक है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को यह भी समझाया गया कि एड्स सामान्य संपर्कों, जैसे हाथ मिलाने, साथ बैठने या भोजन साझा करने से नहीं फैलता। इससे संबंधित अनेक भ्रमों और गलत धारणाओं को पोस्टर एवं पॉम्प्लेट दिखाकर सरल तरीके से दूर किया गया। टीम ने बताया कि एचआईवी केवल असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, सुई या उपकरणों के साझा उपयोग तथा गर्भावस्था और प्रसव के दौरान संक्रमित मां से बच्चे तक पहुंच सकता है। इन तथ्यों को छात्रों ने ध्यानपूर्वक सुना और समझा। शिविर में उपस्थित छात्रों को जागरूकता संदेश देने के साथ-साथ उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, स्वस्थ आदतें विकसित करने और जोखिमपूर्ण व्यवहार से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पोस्टर और पॉम्प्लेट में सुरक्षित जीवनशैली, नियमित स्वास्थ्य जांच, परामर्श सेवाओं का महत्व तथा उपलब्ध सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी शामिल थी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों और शिक्षकों से संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने प्रश्न रखें। टीम ने सभी सवालों का सरल व वैज्ञानिक भाषा में समाधान प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों के मन में फैली कई भ्रांतियां दूर हुईं। शिक्षकों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी जागरूकता गतिविधियां किशोर आयु वर्ग के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। विद्यालय प्रबंधन ने एसबीआई फाउंडेशन, शिखर युवा मंच और एसबीआई संजीवनी एमएएमयू टीम कबीरधाम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता का स्तर बढ़ाते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### बैंक शाखा प्रभारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ते सायबर अपराधों को नियंत्रित करने तथा बैंकिंग प्रणाली को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल और पंकज पटेल के निर्देशन में बैंक शाखा प्रभारियों की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक का संचालन उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर द्वारा किया गया। बैठक में बंधन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सीस बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, डीसीबी बैंक एवं बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में वर्तमान सायबर अपराध की प्रवृत्ति, म्यूल खातों की पहचान, संदिग्ध लेनदेन की निगरानी, बैंक सुरक्षा मानकों तथा जनजागरण के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।